भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग
कार्यालय महालेखाकार (ले. एवं ह.)-
मध्य प्रदेश,
भोपाल शाखा, 53, अरेरा हिल्स,
नर्मदापुरम रोड, भोपाल-462011
Phone: 0755-2554821 & 2764037
Fax: 0755-2557452
E-mail: srdagaebhopal@cag.gov.in

SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

INDIAN AUDIT AND
ACCOUNTS DEPARTMENT,
Office of the Accountant General
(A & E)- Madhya Pradesh,
Bhopal Branch, 53, Arera Hills,
Narmadapuram Road, Bhopal-
462011
Phone: 0755-2554821 & 2764037
Fax: 0755-2557452
E-mail: srdagaebhopal@cag.gov.in

क्रमांक नि.वि.1/समूह-3/डी- 01 दिनांक 30/4/26

प्रति
वरिष्ठ संभागीय लेखा अधिकारी,
संभागीय लेखा अधिकारी –1
संभागीय लेखा अधिकारी –2
संभागीय लेखापाल

विषय:- SAS परीक्षा के सम्बन्ध में |

सन्दर्भ:- कार्यालय महालेखाकार (ले/हक़), मध्य प्रदेश ग्वालियर के आदेश क्र./प्र.शा./गो.क./परीक्षा/SAS प्र.प.वर्ष-2026/का.आ./01 दिनांक 27.04.2026 |

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित कार्यालय आदेश (संलग्न) में उल्लेखित दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करें | पत्र आवश्यक कार्यवाही/सूचनार्थ प्रेषित है |

यह पत्र उप-महालेखाकार द्वारा अवलोकित है |

संलग्न: उपरोक्तानुसार

Bhagolival.
वरिष्ठ लेखा अधिकारी/नि.वि.1

पृष्ठ क्रमांक नि.वि.1/समूह-3/डी- दिनांक

प्रतिलिपि-

सहायक लेखा अधिकारी/VLC (स्थानीय) की ओर वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित है |

सहायक लेखा अधिकारी/नि.वि.1

कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक़दारी), मध्य प्रदेश, ग्वालियर

सत्यमेव जयते

क्र.प्रशा./गो.क./परीक्षा/SAS प्रा.प.वर्ष 2026/का.आ./01 दिनांक : 27/04/2026

<u>कार्यालय आदेश</u>

मुख्यालय द्वारा निर्धारित दिशा - निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में, आगामी एस. ए. एस. परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए, नवीन अभ्यर्थियों के चयन हेतु प्रारंभिक परीक्षा वर्ष 2026 के लिए, रिक्तियों के आलोक में **SC वर्ग** के कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। परीक्षा का कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा -

Examination Date	Paper Name
14.05.2026 Forenoon Session, 11:00 AM to 01:00 PM	Paper – I
14.05.2026 Afternoon Session, 03:00 PM to 05:00 PM	Paper – II

प्रथम प्रश्न पत्र का भाग-(1) सामान्य अंग्रेजी/सामान्य हिन्दी, 50 अंकों का वर्णात्मक (Conventional/Descriptive) तथा भाग-(2) भारत का संविधान 50 प्रश्नों तथा 50 अंकों का MCQ पैटर्न पर एवं द्वितीय प्रश्न पत्र (Service Regulations, Financial Rules and Principles of Government Accounts) 100 प्रश्नों एवं 100 अंकों का MCQ पैटर्न पर आधारित होगा। परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु परीक्षार्थियों को दोनों पेपरों में से प्रत्येक पेपर में 45% अंक प्राप्त करने होंगे। निगेटिव मार्किंग (0.25 अंक) MCQ पैटर्न संबंधित प्रश्न पत्रों पर लागू होगी।

निम्नलिखित पदों पर कार्यरत कर्मचारी जो एक या अधिक पदों पर, दिनांक 01 सितम्बर 2026 को इस कार्यालय में तीन वर्ष की सतत सेवा अवधि तथा परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर रहे होंगे, वे अनंतिम (Provisionally) रूप से इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। एस. ए. एस परीक्षा से Debar कर्मचारी भी इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे।

1. लिपिक/लेखापाल/वरिष्ठ लेखापाल/सहायक पर्यवेक्षक,
2. डी. ई. ओ. ग्रेड ए, ग्रेड बी तथा ग्रेड डी,
3. स्टेनोग्राफर ग्रेड-II/स्टेनोग्राफर ग्रेड-I/निजी सचिव,
4. संभागीय लेखापाल/संभागीय लेखा अधिकारी (ग्रेड-II),
   (ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने संभागीय लेखापाल ग्रेड परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की हो),
5. कनिष्ठ अनुवादक/वरिष्ठ अनुवादक एवं
6. पर्यवेक्षक।

प्रारंम्भिक परीक्षा में टंकण परीक्षा उत्तीर्ण लिपिकों को ही सम्मिलित होने की पात्रता होगी।

अभ्यर्थी, जो गत वर्षो में प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के तत्काल पश्चात् (वर्ष 2024 मे सफल अभ्यर्थियों के अतिरिक्त), आयोजित एस. ए. एस. परीक्षा में नहीं बैठ पाये थे, उन्हें प्रारंभिक परीक्षा पुनः उत्तीर्ण करनी होगी।

सभी पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र दिनांक 30.04.2026 तक अपने शाखा अधिकारी की अनुशंसा सहित गोपनीय कक्ष में प्रस्तुत कर सकेंगे।

अवकाश अथवा यात्रा आदि पर गए कर्मचारियों द्वारा निर्धारित आवेदन-पत्र प्रपत्र प्राप्त/अंतिम तिथि तक जमा करना उनके द्वारा स्वयं सुनिश्चित किया जाना है।

हस्ता /-

उप महालेखाकार (प्रशासन)

क्र.प्रशा./गो.क./परीक्षा/SAS प्रा.प.वर्ष 2026/ STRI/64 दिनांक : 27/04/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. वरिष्ठ लेखा अधिकारी/प्रशासन, कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), म. प्र., 53, अरेरा हिल्स, भोपाल की ओर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि प्राप्त आवेदन-पत्रों (संभागीय लेखापाल संवर्ग सहित) की जांच कर, पात्र अभ्यर्थियों की सूची, आवेदन-पत्र सहित दिनांक 04.05.2025 तक, इस कार्यालय को आवश्यक रूप प्रेषित करने की व्यवस्था करें।
2. वरिष्ठ लेखा अधिकारी/प्रशासन- 1, 2, 4, टी. एम., कार्यपालन शाखा एवं प्रशिक्षण, कार्या. म. ल. (लेखा एवं हक.), म. प्र., ग्वालियर।
3. सचिवालय, उप महालेखाकार (प्रशासन), कार्या. म. ले. (लेखा एवं हक.), म. प्र., ग्वालियर।
4. सूचना पटल

27/04/26

वरिष्ठ लेखा अधिकारी(प्र.)/गोपनीय कक्ष